पत्रांक- भवन/बजट-95-योजना (खेल विभाग)-01/2025-26. . . . . .817 (अ)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग।

सेवा में,

महालेखाकर (ले एवं हक), **बिहार**,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना,दिनांक:- 22/1/26

विषय:- **पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड भूमि अधिग्रहण हेतु** वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल ₹ **1,00,00,00,000/- (एक अरब रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति।

आदेश:- स्वीकृत ।

खेल विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 464 दिनांक- 10.09.2025 द्वारा विषयांकित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति एवं पत्रांक- 589 दिनांक- 22.12.2025 द्वारा राशि विमुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गयी है । कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना के पत्रांक-2625अनु॰ दिनांक-24.12.2025 द्वारा समर्पित अधियाचना के आलोक में **पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड भूमि अधिग्रहण हेतु** कुल राशि ₹ **1,00,00,00,000/- (एक अरब रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जाती है ।

2. उक्त कार्य पर राशि का व्यय मांग संख्या-03 के अन्तर्गत मुख्यशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष-60-अन्य भवन, लघुशीर्ष-051-निर्माण, उपशीर्ष-0106-स्टेडियम एवं खेल संरचना **विपत्र कोड-03-4059600510106** के विषय शीर्ष-53-मुख्य कार्य-0106.53.02-भू-अर्जन में उपबंधित राशि से **वित्तीय वर्ष 2025-26** में किया जायेगा।
3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना, भवन निर्माण विभाग होंगे।
4. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, पटना से की जायेगी ।
5. प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।
6. स्वीकृत राशि के विरूद्ध आवंटन की कार्रवाई सी.एफ.एम.एस. के माध्यम से की जा रही है।
7. उक्त स्वीकृत राशि जिला पदाधिकारी, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा ।

(राजेश कुमार सिंह) 21/1/26
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक:- 817 (अ) पटना, दिनांक:- 22/1/26

प्रतिलिपि:-सचिव (व्यय), वित्त विभाग, बिहार, पटना/ जिला पदाधिकारी, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव। 21/1/26

ज्ञापांक:- 817 (अ) पटना, दिनांक:- 22/1/26

प्रतिलिपि:- सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना/ माननीय मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव के आप्त सचिव/ अभियंता प्रमुख/ आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/ मुख्य अभियंता (पटना)/निदेशक अनुश्रवण/सी.एफ.एम.एस. एप्रूवर/अधीक्षण अभियंता, संबंधित अंचल/ कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमंडल, गुलजारबाग, पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा आई.टी.मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं सभी संबंधित को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव। 21/1/26